**Nai Dunia (Indore), 11th November 2021, Page-02**

## न्यूज गैलरी

# आइआइटी इंदौर को जल्द मिलेगा स्थायी निदेशक

**इंदौर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर को जल्द स्थायी निदेशक मिलेगा। नए निदेशक के चयन की प्रक्रिया चल रही है। यह बात आइआइटी इंदौर बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. दीपक बी. फाटक ने कही। उन्होंने कहा कि आइआइटी इंदौर लगातार नए साधन स्थापित कर रहा है और आने वाले कुछ वर्षों में देश के अन्य आइआइटी की तरह सबसे आधुनिक साधन मौजूद हो जाएंगे। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने कहा कि संस्थान में कई ऐसी बिल्डिंग तैयार की गई है जो अन्य आइआइटी की डिजाइन से बिल्कुल अलग है। -नप्र